भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 685**

उत्तर देने की तारीख 28.11.2024

**जनजातीय समुदाय के लिए महत्वाकांक्षी कार्यक्रम**

**685. डॉ. निशिकान्त दुबे:**
**श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा:**
**श्री विष्णु दयाल राम:**
**श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया:**
**श्री यदुवीर वाडियार:**
**श्री जगदम्बिका पाल:**

क्या **जनजातीय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सामाजिक अवसंरचना, स्वास्थ्य और शिक्षा में महत्वपूर्ण अंतरालों को दूर करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं;
(ख) विशेषकर गुजरात के संबंध में उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक लाभार्थियों की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है और इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई है; और
(ग) उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत सभी राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के कितने जिलों को शामिल किए जाने का प्रस्ताव है और इस संबंध में क्या मानदंड निर्धारित किए गए हैं?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्री दुर्गादास उइके):

**(क) से (ग)** 15 नवंबर 2023 को, माननीय प्रधान मंत्री ने 18 राज्यों और एक संघ राज्यक्षेत्र में रहने वाले 75 पीवीटीजी समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए प्रधान मंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) का शुभारंभ किया। मिशन का उद्देश्य तीन वर्षों में सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा तक बेहतर पहुंच, स्वास्थ्य और पोषण , सड़क और दूरसंचार संपर्क, अविद्युतीकृत घरों का विद्युतीकरण और स्थायी आजीविका के अवसर जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना है। इन उद्देश्यों को 9 संबंधित मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित 11 उपायों के माध्यम से पूरा करने की योजना है।

पीएम जनमन के कार्यान्वयन के मद्देनजर, जनजातीय कार्य मंत्रालय ने गुजरात सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन/विभागों के माध्यम से पीएम जनमन के तहत गांवों और बस्तियों में रहने वाली पीवीटीजी आबादी को कवर करने के लिए पीवीटीजी आबादी के आंकड़ों और बुनियादी ढांचे के अंतरों का अनुमान लगाने हेतु पीएम गति शक्ति मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से  बस्ती स्तर डेटा संग्रह करने का कार्य शुरू किया है। एकत्र किए गए डेटा (21.11.2024 तक) के आधार पर, गुजरात सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार पीवीटीजी और जिलों की संख्या **अनुलग्नक-I** में सारणीबद्ध है।  गुजरात सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, पीएम जनमन के अंतर्गत मंत्रालय-वार निधियों की स्वीकृति **अनुलग्नक-II** में दी गई है।

माननीय प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर, 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया। अभियान में 17 संबंधित मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित 25 उपाय शामिल हैं और इसका उद्देश्य 5 वर्षों में 63,843 गांवों में बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा करना, स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी सुविधाओं तक पहुंच में सुधार करना और 5 वर्षों में गुजरात सहित 30 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के 549 जिलों और 2,911 ब्लॉकों में 5 करोड़ से अधिक जनजातियों को लाभान्वित करते हुए आजीविका के अवसर प्रदान करना है। इस अभियान के तहत अजजा आबादी के साथ-साथ जिलों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कवरेज **अनुलग्नक-III** में है। प्रत्येक मंत्रालय को अभियान के तहत बजट और लक्ष्य आवंटित किए गए हैं और वह उसे सौंपे गए उपायों को लागू करने के लिए जिम्मेदार है। अभियान का उद्देश्य अभिसरण और आउटरीच (पहुंच) के माध्यम से संतृप्ति करना है।

इस अभियान का लक्ष्य 500 या उससे अधिक जनसंख्या वाले विशिष्ट जनजातीय बहुल गांव हैं, जहां कम से कम 50% जनजातीय लोग हों, तथा आकांक्षी जिलों के ऐसे गांवों जहां जनजातीय लोगों की जनसंख्या कम से कम 50 हो।

2 अक्टूबर 2024 के मिशन के शुभारंभ के बाद 2 महीने से भी कम समय में, शिक्षा मंत्रालय ने 304 छात्रावासों को स्वीकृति दी है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने 30 एमएमयू को स्वीकृति दी है, और जनजातीय कार्य मंत्रालय ने राज्य द्वारा प्रस्तुत किए गए आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों के उन्नयन के लिए 6 सक्षमता केंद्र और  परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

इन अभियानों के अंतर्गत कवर किए जाने वाले लाभार्थियों की वास्तविक संख्या अनुमोदित मानदंडों के अनुसार संबंधित उपायों के विशिष्ट दिशानिर्देशों की पात्रता मानदंडों के अध्यधीन है।

**अनुलग्नक-I**

**"जनजातीय समुदाय के लिए महत्वाकांक्षी कार्यक्रम" के संबंध में डॉ. निशिकान्त दुबे, श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा, श्री विष्णु दयाल राम, श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया, श्री यदुवीर वाडियार, श्री जगदम्बिका पाल द्वारा दिनांक 28.11.2024 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 685 के भाग (क) से (ग) के उत्तर के संबंध में संदर्भित अनुलग्नक**

गुजरात सहित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/विभागों द्वारा मोबाइल एप्लीकेशन आधारित आवास सर्वेक्षण के आधार पर पीवीटीजी जनसंख्या और जिलों का अनुमान (21.11.2024 तक)

| क्र.सं. | राज्य* | जिलों का नाम | पीवीटीजी जनसंख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 2 | 191 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 13 | 492552 |
| 3 | छत्तीसगढ़ | 18 | 229743 |
| 4 | गुजरात | 20 | 153516 |
| 5 | झारखंड | 24 | 398952 |
| 6 | कर्नाटक | 5 | 57448 |
| 7 | केरल | 6 | 29511 |
| 8 | मध्य प्रदेश | 24 | 1229201 |
| 9 | महाराष्ट्र | 17 | 623143 |
| 10 | ओडिशा | 14 | 300436 |
| 11 | राजस्थान | 1 | 128456 |
| 12 | तमिलनाडु | 21 | 380376 |
| 13 | तेलंगाना | 10 | 63194 |
| 14 | त्रिपुरा | 8 | 273240 |
| 15 | उत्तर प्रदेश | 1 | 3527 |
| 16 | उत्तराखंड | 7 | 92233 |
| 17 | पश्चिम बंगाल | 4 | 67087 |
| **कुल योग** | | **195** | **4522806** |

* बिहार और मणिपुर इस अभियान के अंतर्गत शामिल अन्य राज्य हैं।

**अनुलग्नक-II**

"जनजातीय समुदाय के लिए महत्वाकांक्षी कार्यक्रम" के संबंध में डॉ. निशिकान्त दुबे, श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा, श्री विष्णु दयाल राम, श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया, श्री यदुवीर वाडियार, श्री जगदम्बिका पाल द्वारा दिनांक 28.11.2024 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 685 के भाग (क) से (ग) के उत्तर के संबंध में संदर्भित अनुलग्नक

गुजरात सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, पीएम जनमन के अंतर्गत मंत्रालय-वार निधियों की स्वीकृति (20.11.2024 तक)

(मूल्य करोड़ रुपए में)

| क्र. सं. | राज्य का नाम | ग्रामीण विकास मंत्रालय (पीएमएवाई-जी) | ग्रामीण विकास मंत्रालय (पीएमजीएसवाई) | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एनआरएचएम) | महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (पोषण 2.0) | शिक्षा मंत्रालय (एसएसए) | विद्युत मंत्रालय (आरडीएसएस) | एमएनआरई | संचार मंत्रालय (डीओटी-यूएसओएफ) | जनजातीय कार्य मंत्रालय | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | एमपीसी | वीडीवीके |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 44.33 | 280.53 | 40.31 | 43.44 | 18.85 | 88.71 | 8.38 | 94.5 | 14.97 | 3.105 |
| 2 | छत्तीसगढ़ | 200.63 | 1698.92 | 19.65 | 32.28 | 68.3 | 38.17 | 6.42 | 21.6 | 8.52 | 1.1976 |
| 3 | गुजरात | 94.46 | 1.24 | 5.76 | 8.04 | 13.75 | 0 | 0 | 12.6 | 1.66 | 0.525 |
| 4 | झारखंड | 54.54 | 113.86 | 7.45 | 13.32 | 27.5 | 74.13 | 11.71 | 4.5 | 0.62 | 1.438 |
| 5 | कर्नाटक | 6.24 | 55.62 | 1.69 | 2.88 | 2.3 | 3.77 | 0.9 | 9 | 3.33 | 0.892 |
| 6 | केरल | 1.36 | 0.00 | 7.45 | 0.84 | 10.1 | 0.86 | 0 | 6.3 | 2.29 | 0.2166 |
| 7 | मध्य प्रदेश | 1575.11 | 836.21 | 25.07 | 111.24 | 117.3 | 143.39 | 10.3 | 18.9 | 25.99 | 2.5755 |
| 8 | महाराष्ट्र | 100.54 | 0.00 | 26.42 | 26.4 | 35.75 | 26.61 | 0 | 8.1 | 12.47 | 1.812 |
| 9 | ओडिशा | 263.72 | 149.75 | 16.94 | 14.64 | 82.5 | 0 | 0 | 13.5 | 24.64 | 1.7765 |
| 10 | राजस्थान | 167.68 | 68.86 | 2.03 | 10.8 | 9.2 | 40.34 | 0 | 0.9 | 3.33 | 4.3296 |
| 11 | तमिलनाडु | 31.14 | 0.00 | 35.57 | 5.04 | 14.91 | 29.89 | 0 | 0.9 | 10.09 | 1.2015 |
| 12 | तेलंगाना | 0 | 66.85 | 4.74 | 10.2 | 19.75 | 6.79 | 1.63 | 4.5 | 2.91 | 0.7305 |
| 13 | त्रिपुरा | 153.97 | 114.32 | 2.03 | 20.04 | 37.6 | 61.52 | 8.52 | 9 | 4.57 | 1.27 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | उत्तर प्रदेश | 2.04 | 0.00 | 0.68 | 0.12 | 5.5 | 1.1 | 0 | 0 | 0.83 | 0.1595 |
| 15 | उत्तराखंड | 26.38 | 0.00 | 8.13 | 0.96 | 7.35 | 0.6 | 0 | 0 | 3.01 | 0.157 |
| 16 | पश्चिम बंगाल | 0 | 0.00 | 4.74 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 |
| 17 | अंडमान और निकोबार | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.028 |
| 18 | मणिपुर | 0 | 0.00 | 0 | 5.04 | 5.5 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 |
| 19 | बिहार | 0 | 0.00 | 0 | 5.88 | 0 | 0.28 | 0 | 0 | 0.00 | 0 |
| **कुल योग** | | **2722.14** | **3386.2** | **208.66** | **311.16** | **476.16** | **516.16** | **47.86** | **204.3** | **119.24** | **21.41** |

**अनुलग्नक-III**

**"जनजातीय समुदाय के लिए महत्वाकांक्षी कार्यक्रम" के संबंध में डॉ. निशिकान्त दुबे, श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा, श्री विष्णु दयाल राम, श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया, श्री यदुवीर वाडियार, श्री जगदम्बिका पाल द्वारा दिनांक 28.11.2024 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 685 के भाग (क) से (ग) के उत्तर के संबंध में संदर्भित अनुलग्नक**

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत अजजा आबादी के साथ जिलों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कवरेज

| क्र.सं. | राज्य का नाम | जिले का नाम | अजजा जनसंख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 18 | 655450 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 23 | 230896 |
| 3 | असम | 32 | 2124774 |
| 4 | बिहार | 24 | 407136 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 32 | 4909442 |
| 6 | गोवा | 2 | 34105 |
| 7 | गुजरात | 21 | 6605912 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 10 | 117040 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 20 | 502935 |
| 10 | झारखंड | 24 | 4976859 |
| 11 | कर्नाटक | 28 | 805566 |
| 12 | केरल | 4 | 219524 |
| 13 | लद्दाख | 2 | 155238 |
| 14 | लक्षद्वीप | 1 | 9322 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 51 | 9323125 |
| 16 | महाराष्ट्र | 32 | 4694682 |
| 17 | मणिपुर | 13 | 629332 |
| 18 | मेघालय | 12 | 1135901 |
| 19 | मिजोरम | 11 | 400652 |
| 20 | नागालैंड | 16 | 915742 |
| 21 | ओडिशा | 27 | 4815670 |
| 22 | राजस्थान | 30 | 5537444 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 23 | सिक्किम | 6 | 72682 |
| 24 | तमिलनाडु | 16 | 303711 |
| 25 | तेलंगाना | 30 | 1150538 |
| 26 | दमन व दीव और दादरा एवं नगर हवेली | 2 | 147290 |
| 27 | त्रिपुरा | 8 | 828393 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 26 | 311488 |
| 29 | उत्तराखंड | 7 | 88723 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 21 | 1707342 |
| | **कुल योग** | **549** | **53816914** |

*****